# गतशिक्त संचार पोर्टल

## प्रलिम्स के लयि:

गतशिक्त संचार पोर्टल, गतशिक्त योजना।

## मेन्स के लयि:

सरकारी नीतयिाँ और हस्तक्षेप, गतशिक्त संचार पोर्टल का महत्त्व।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में संचार मंत्रालय ने **केंद्रीकृत मार्ग का अधकिार** (RoW) अनुमोदन के लयि **"गतशिक्त संचार" पोर्टल का शुभारंभ कयिा है।**

## 'गतशिक्त संचार' पोर्टल:

- **परचिय:** पोर्टल को राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मशिन की परकिल्पना क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए वकिसति कयिा गया है, जो प्रत्येक नागरकि को मुख्य उपयोगति के रूप में **ब्रॉडबैंड बुनयिादी ढाँचा**, मांग पर प्रशासन और सेवाएँ तथा वशिष रूप से हमारे देश के **नागरकिों को डजिटिल सशक्तीकरण** प्रदान करेंगे।
- **उद्देश्य**: पोर्टल दूरसंचार बुनयिादी ढाँचे के कार्यों के लयि "वयवसाय करने में सुगमता" के उद्देश्य हेतु एक प्रवर्तक के रूप में कार्य करेगा।

## महत्त्व:

- **5G नेटवर्क की समय पर शुरुआत:** वभिन्नि सेवा और अवसंरचना प्रदाताओं के आरओडब्ल्यू अनुप्रयोगों का समय पर नपिटान, त्वरति बुनयिादी ढाँचे के नरि्माण को सक्षम करेगा जो 5G नेटवर्क की समय पर शुरुआत के लयि भी एक प्रवर्तक होगा।
  - यह पोर्टल देश भर में केंद्रीकृत मार्ग का अधकिार (RoW) अनुमोदनों की प्रभावी नगिरानी के लयि राज्य और **ज़लिेवार लंबति स्थति को दर्शाने वाले एक शक्तशािली डैशबोर्ड से भी सुसज्जति** है।
- **दूरसंचार सेवाओं की बेहतर गुणवत्ता:** इसके परणािमस्वरुप:
  - अधकि **ऑप्टकिल फाइबर केबल** को तेज़ी से बछिाने और इस प्रकार फाइबराइज़ेशन में तेज़ी आएगी।
  - टॉवर घनत्व में वृद्धि होगी जो **कनेक्टविटिी को बढ़ाएगी और वभिन्नि दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करेगी**।
  - दूरसंचार टावरों के फाइबराइज़ेशन में वृद्धि, इस प्रकार देश भर में बेहतर ब्रॉडबैंड गति सुनश्चिति होगी।
- **देश का सशक्तीकरण:** इस पोर्टल से देश के '**आत्मनरि्भर**' अभयिान को बढ़ावा मलिने की आशा है, जो हमारे देश को डजिटिल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान आधारति अर्थव्यवस्था में बदलने के लयि सक्रयि रूप से योगदान दे रहा है।
- **ग्रामीण और शहरी भारत दोनों के लयि महत्त्वपूर्ण:** यह नरि्बाध डजिटिल पहुँच, सेवाओं की डजिटिल डलिीवरी और कफिायती, परवि्रतनकारी एवं टकिाऊ प्रौद्योगकिी के आधार पर सभी के लयि डजिटिल समावेशन सुनश्चिति करेगा।

## PM गतशिक्त योजना:

- **परचिय:**
  - वर्ष 2021 में भारत सरकार ने लॉजस्टिकि्स लागत को कम करने के लयि समन्वति और बुनयिादी अवसंरचना परयिोजनाओं के नषि्पादन हेतु महत्त्वाकांक्षी गतशिक्त योजना या '**नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टी-मॉडल कनेक्टविटिी प्लान**' लॉन्च कयिा।
- **उद्देश्य:**
  - ज़मीनी स्तर पर काम में तेज़ी लाना, लागत में कमी और रोज़गार पैदा करने पर ध्यान देने के साथ-साथ **आगामी चार वर्षों में बुनयिादी अवसंरचना परयिोजनाओं की एकीकृत योजना एवं कार्यान्वयन सुनश्चिति करना**।
  - गतशिक्त योजना के तहत वर्ष 2019 में शुरू की गई 110 लाख करोड़ रुपए की 'राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन' को समाहति कयिा जाएगा।

- लॉजिस्टिक्स लागत में कटौती के अलावा इस योजना का उद्देश्य **कारगो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाना** और व्यापार को बढ़ावा देने हेतु बंदरगाहों पर टर्नअराउंड समय को कम करना है।
- इसका लक्ष्य 11 **औद्योगिक गलियारे** और दो नए **रक्षा गलियारे** (एक तमिलनाडु में तथा दूसरा उत्तर प्रदेश में) बनाना भी है।
- इसके तहत सभी गाँवों में 4G कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही गैस पाइपलाइन नेटवर्क में 17,000 किलोमीटर की क्षमता जोड़ने की योजना बनाई जा रही है।
- यह वर्ष 2024-25 के लिये सरकार द्वारा निर्धारित महत्त्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगा, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई को 2 लाख किलोमीटर तक विस्तारित करना, 200 से अधिक नए हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम का निर्माण करना शामिल है।




## राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन:

- **परिचय:** इसकी स्थापना वर्ष 2019 में दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा की गई थी।
- **उद्देश्य:** देश भर में विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिये सार्वभौमिक एवं समान पहुँच की सुविधा प्रदान करना।
  - इस परिकल्पना को पूरा करने के लिये यह ज़रूरी है कि देश भर में डिजिटल संचार अवसंरचना के सुचारू और कुशल परिनियोजन को सुगम बनाकर इसे बुनियादी ढाँचे का आधार बनाया जाए।
  - "गतिशक्ति संचार" पोर्टल राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति-2 में परिकल्पित "सभी के लिये ब्रॉडबैंड" के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एक मज़बूत तंत्र प्रदान करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gatishakti-sanchar-portal